Publication:	The Economic Times	Edition:	Online Coverage
Published Date	24 Jan 2021		

[क्या आपकी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी आपको पर्याप्त कवर देती है?]

क्या आपकी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी आपको पर्याप्त कवर देती है?

जानलेवा बीमारियों और स्वास्थ्य आपदाओं ने इस बात को साबित कर दिया है कि स्वास्थ रहने के तमाम प्रयासों के बावजूद खतरनाक रोग हमें अपना शिकार बना सकते हैं.

ET CONTRIBUTORS | Jan 24, 2021, 05.15 PM IST

A+

हादसों की तेजी से बढ़ती संख्या, संक्रामक और इंफेक्शन से होने वाली बीमारियों और जीवनशैली में बदलाव के चलते कई लोगों को बार-बार इलाज की जरूरत पड़ती रहती है.

रूपम अस्थाना, सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस

बीते कई दशकों में कोरोना वायरस महामारी समेत कई जानलेवा बीमारियों ने अपना कहर ढाया है. इन स्वास्थ्य आपदाओं ने इस बात को साबित कर दिया है कि स्वास्थ रहने के तमाम प्रयासों के बावजूद खतरनाक रोग हमें अपना शिकार बना सकते हैं.

अस्पताल में भर्ती होना अब कोई बड़ी बात नहीं रही. पहले ऐसा कम ही होता था. हादसों की तेजी से बढ़ती संख्या, संक्रामक और इंफेक्शन से होने वाली बीमारियों और जीवनशैली में बदलाव के चलते कई लोगों को बार-बार इलाज की जरूरत पड़ती रहती है. बीते कुछ वर्षों में ज्यादातर लोगों ने अपने परिवार के कई लोगों को अस्पताल में भर्ती होते हुए देखा है.